Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to install photos of Late Smt. Savitribai Phule in every school in India.

श्री उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद): माननीय सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं।…(व्यवधान) जैसा कि हमें ज्ञात है श्रीमती सावित्रीबाई ज्योतिराव फुले भारत की महिला शिक्षिका थीं, जिनके द्वारा उनके पति ज्योतिराव गोविन्दराव फुले के साथ मिलकर स्त्री अधिकारों एवं शिक्षा जगत के क्षेत्र में समाज सुधार हेतु अतुलनीय एवं उल्लेखनीय योगदान दिया गया था और जिन्हें हम आज भी स्मरण करते हैं।…(व्यवधान) भारत की पहली महिला शिक्षिका व समाज सुधारक के योगदान को याद करते हुए आपके माध्यम से मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, जिनके नाम पर 'शिक्षक दिवस' मनाया जाता है, के छाया चित्र के साथ-साथ स्वर्गीय श्रीमती सावित्रीबाई फुले के छाया चित्र को भी देश के प्रत्येक विद्यालय में स्थापित किया जाए, ताकि विद्यार्थी श्रीमती फुले के द्वारा शिक्षा जगत में किए गए योगदान व कार्य को याद कर उनका अनुकरण कर सकें।…(व्यवधान) मुझे लगता है कि यही उनके लिए एक सच्ची श्रद्धांजलि होगी तथा इससे समाज में एक अच्छा संदेश भी जाएगा।…(व्यवधान)

माननीय सभापति: प्रो. रीता बहुगुणा जोशी।

…(व्यवधान)

माननीय सभापति: श्री गणेश सिंह।

…(व्यवधान)

माननीय सभापति: डॉ. टी. सुमति (ए) तामिझाची थंगापंडियन।

…(व्यवधान)

माननीय सभापति: श्री जगन्नाथ सरकार।

…(व्यवधान)